बीओएम आईबीपीएस एवं आरआरबी के लिए द हिन्दू रिव्यु: सितम्बर 2016

1. सुंदरी एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। यह इस रूठ की पहली ब्रॉड गेज ट्रेन सेवा है।
2. राज्य में खाद्य मूल्य श्रृंखला को विकसित करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने जापान के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया इसके द्वारा आंध्र प्रदेश में कृषि और भोजन से संबंधित उद्योग के क्षेत्र में जापानी कंपनियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहित किया जायेगा ।
3. मोबाइल भुगतान कंपनी मोबीक्विक और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने एक विशेष भागीदारी की घोषणा की है, जिसमें मोबीक्विक, आईआरसीटीसी के ई-कैटरिंग एप्लिकेशन 'फ़ूड ऑन ट्रैक' पर ई-नकद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराएगी।
4. वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल इंडिया ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक कॉर्पोरेट नागरिकता सहयोग की घोषणा की और 'डी-परिवर्तन' कार्यक्रम का शुभारंभ किया जो देश में शिक्षा और लर्निंग, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण कौशल विकास में सहयोग करेगा ।
5. आंध्र प्रदेश के अनंतपुर मे एनटीपीसी लिमिटेड ने एनपी कुंता अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना के चरण- I के 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण किया।
6. देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने इसके 'फण्ड आधारित उधारी दर के सीमान्त लागत (MCLR) में 0.05% की कमी की घोषणा की है।
7. मोहन बागान एफसी ने दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सैयद नयीमुद्दीन को क्लब के सर्वोच्च पदक मोहन बागान रत्न से सम्मानित किया है इसके साथ ही वह इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले 16 वें व्यक्ति बन गयें हैं।
8. न्यायमूर्ति दिलीप बाबासाहेब भोसले ने इलाहाबाद उच्चन्यायालय के मुख्य न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाइक ने दिलाई।
9. दिलीप रथ ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला
10. अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी संघ ने घोषणा की है कि 2016 के कबड्डी विश्व कप के लिए भारत को चयनित किया गया है ।
11. गचिबोव्ली स्टेडियम हैदराबाद (तेलंगाना) में खेले गये स्टार स्पोर्ट्स प्रो कबड्डी लीग के चौथे संस्करण के फाइनल मैच में पटना पाइरेट्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स को हराया, इस के साथ ही पटना ने चारों सत्रों के टूर्नामेंट में अकेले दो बार ट्रॉफी जीत कर इतिहास रच दिया है।
12. मर्सिडीज ड्राइवर लुईस हैमिल्टन ने फार्मूला वन 2016 जर्मन ग्रां प्री का खिताब जीत लिया है।
13. संसद ने सभी मेडिकल शैक्षिक संस्थानों में दाखिले के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने के लिए इंडियन मेडिकल काउंसिल (संशोधित विधेयक), 2016 पारित कर दिया है।
14. राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) के एक उच्च स्तरीय समिति ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत घाटों और शमशानों के विकास के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये मूल्य की विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी।
15. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय ने क्षमताओं और इस क्षेत्र में उद्योगों की साख का आकलन करने के लिए प्रदर्शन और क्रेडिट रेटिंग स्कीम शुरू की है।
16. भारत, तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार को समाप्त करने के लिए नवंबर में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। यह सम्मेलन नोएडा में भारतीय प्रदर्शनी मार्ट में 7 से 12 नवंबर तक आयोजित किया जायगा।
17. ओडिशा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार राज्य की जेलों में वार्डरों के रूप में ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों की भर्ती करने का निर्णय लिया है।
18. तमिलनाडु विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है कि मद्रास उच्च न्यायालय को तमिलनाडु उच्च न्यायालय के रूप में जाना जाए न कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित चेन्नई उच्च न्यायालय के रूप में। बोम्बे, कलकत्ता और मद्रास उच्च न्यायालय को क्रमशः मुंबई, कोलकाता और चेन्नई उच्च न्यायालय के रूप में जाना जाएगा।
19. आईसीआईसीआई बैंक ने परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी स्थापित करने के लिए अपोलो इण्डिया क्रेडिट अपोर्च्युनिटी मैनेजमेंट एलएलसी और ऐआइओएन कैपिटल मैनेजमेंट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

20. भारत के डिजिटल पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म फ्रीचार्ज ने अग्रणी पेमेंट गेटवे सोल्यूशन प्रदाता पेयूबिज के साथ साझेदारी समझौता किया है।

21. भारत की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने निजी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के लिए एक फीटेक स्टार्टअप फिशडम के साथ करार किया है।

22. कन्फेक्शनरी दिग्गज मोंडेलेज इंटरनेशनल ने भारत में संचालन के प्रबंध निदेशक के रूप में पूर्व भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक दीपक अय्यर को नियुक्त किया है।

23. अनुवादक और कलाकार अनीता गोपालन को उनके द्वारा गीत चतुर्वेदी के हिन्दी उपन्यास सिमसिम के अंग्रेजी अनुवाद के लिए पेन/ हीएम ट्रांसलेशन फण्ड ग्रांट्स 2016 के साथ सम्मानित किया गया है।

24. पश्चिम बंगाल कैडर के 1983 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भास्कर खुलबे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

25. एयर मार्शल एस नीलकंठन ने दक्षिणी एयर कमांड के कमांडिंग-इन-चीफ एयर आफिसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

26. भारतीय मूल के प्रसिद्ध सेवामुक्त भाषाविद अमेरिकी प्रोफेसर ब्रज बी काचरू का उर्बना में निधन हो गया।

27. रोमानिया की 24 वर्षीय सिमोना हालेप ने मॉन्ट्रियल में फाइनल में अमेरिकी मैडिसन कीज को हराने के बाद महिला एकल रोजर्स कप का खिताब जीत लिया है।

28. विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ), नई दिल्ली में 6-7 अक्टूबर को अपने वार्षिक भारत आर्थिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसमे शीर्ष नीति निर्माताओं और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों सहित 500 से अधिक व्यापारी और राजनीतिक नेता भाग लेंगे। इस वर्ष का सम्मलेन " फोस्टरिंग एन इंक्लूसिव इंडिया थ्रू डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन" विषय के साथ आयोजित होगी।

29. राजस्थान सीवेज और अपशिष्ट जल नीति को मंजूरी देने वाला पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा इसे जयपुर में मंजूरी दी गई।

30. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री खांडू पेमा ने कैबिनेट के अपने पहले विस्तार में, पूर्व अध्यक्ष नबाम रेबिया सहित 10 मंत्रियों को शामिल करके अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है।

31. केरल कैबिनेट ने कैबिनेट रैंक के साथ केरल प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष के रूप में वयोवृद्ध माकपा नेता वी.एस अच्युतानंदन को नियुक्त करने का फैसला किया है।

32. राज्यसभा में प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2016 को पारित करके संसद ने देश भर में छह नए आईआईटी की स्थापना को मंजूरी दे दी है। ये आईआईटी पलक्कड़ (केरल), गोवा, धारवाड़ (कर्नाटक), भिलाई (छत्तीसगढ़), जम्मू और तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में स्थापित किये जायेंगे।

33. भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने केंद्रीय के साथ ही साथ राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों और रक्षा कर्मियों के लिए 2 नई ऋण योजनाओं की शुरूआत की है।

34. एक्सा, अलीबाबा और आंट फाइनेंसियल ने कहा है कि वे अलीबाबा के वैश्विक ई-कॉमर्स पारितंत्र के माध्यम से एक्सा के बीमा उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के अवसरों का पता लगाने के लिए एक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में शामिल होने के लिए सहमत हुए हैं।

35. नेवेली लिग्नाइट (एनएलसी), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की एक 1200 मेगावाट के रघुनाथपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के अधिग्रहण की योजना बना रहा है।

36. राज्य संचालित भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमेटेड (भेल) ने छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चंपा जिले में मरवा थर्मल पॉवर स्टेशन पर दूसरे 500 मेगावाट वाले थर्मल यूनिट का लोकार्पण किया है।

37. माओवादी पार्टी के प्रमुख पुष्प कमल दहल, जिन्हें प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है, नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित किये गए हैं।

38. न्यायमूर्ति आर एम लोधा समिति के सुधारों को लागू करने में सहायता हेतु बीसीसीआई ने 4 सदस्यों के कानूनी समिति के प्रमुख के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू की नियुक्ति की है।

39. अमेरिकी आइस हॉकी चैंपियन एंजेला रुग्गिएरो को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

40. सॉफ्टवेर प्रमुख कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अनंत महेश्वरी को अपने अगले अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। वह 1 सितम्बर को माइक्रोसॉफ्ट में अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगी और 1 जनवरी को कंपनी का कार्यभार संभालेंगी। वह भास्कर प्रमाणिक का स्थान लेंगी.

41. मिस्र-अमेरिकी रसायनज्ञ एवं नोबेल पुरस्कार के विजेता अहमद ज़ेवैल का संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया, वे 70 वर्ष के थे तथा वे राष्ट्रपति बराक ओबामा के विज्ञान और प्रौद्योगिकी सलाहकार और मध्य पूर्व में पहले अमेरिकी विज्ञान दूत रह चुके हैं।

42. फार्मूला वन के सर्वश्रेष्ठ चालकों में से एक माने जाने वाले पूर्व फेरारी चालक क्रिस आमोन का हाल ही में कैंसर से निधन हो गया है, हालांकि उन्होंने कोई रेस नहीं जीती थी। उसी आयु 73 वर्ष थी।

43. एक छः वर्षीय लड़का, कर्नाटक से ओम स्वरूप गौड़ा ने कारों के नीचे लीम्बोस्केटिंग द्वारा सबसे लंबी दूरी तय करने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।

44. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डॉ बी.आर अंबेडकर के एक स्मारक के निर्माण के लिए महाराष्ट्र सरकार को राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड (NTCL), के इंदु मिल की 12 एकड़ जमीन के हस्तांतरण के लिए नियम और शर्तों को अपनी मंजूरी दे दी है।

45. कैबिनेट ने भारत और लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओपीडीआर) के बीच नई विमान सेवा समझौते (एएस) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है।

46. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पिछड़े वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीबीसी) से प्राप्त सलाह के अनुसार, आंध्र प्रदेश और नवगठित राज्य तेलंगाना के अनुकूल जातियों/ समुदायों को शामिल करने/ सुधार करने/ विलोपन के माध्यम से ओबीसी की केन्द्रीय सूची में उपयुक्त संशोधन करने को स्वीकृति प्रदान की है।

47. भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने जमाओं के अवैध संग्रह पर अंकुश लगाने के लिए 'सचेत-www.sachet.rbi.org.in' एक वेब पोर्टल की शुरुआत की है। सचेत एक एसएलसीसी (राज्य स्तरीय समन्वय समिति) वेबसाइट है, जिसके माध्यम से जनता उन इकाइयों के सन्दर्भ में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें जमाराशि स्वीकार करने की अनुमति है, साथ ही वे शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सशंकित संस्थाओं द्वारा जमाओं की अवैध स्वीकृति के सन्दर्भ में जानकारी साझा कर सकते हैं।

CAREER POWER
AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY

48. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत में घरेलू वित्त के विभिन्न पक्षों पर ध्यान देने और समकक्ष देशों तथा उन्नत देशों दोनों के संदर्भ में भारत की स्थिति का बेंचमार्क निर्धारित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता डॉ.तरुण रामादोरई द्वारा की जाएगी।

49. लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने नई दिल्ली में संसद परिसर में तीन दिन की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

50. राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 2,229 करोड़ के लागत की 14 परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कहा कि अगले दो वर्षों में जयपुर शहर एक 'आश्चर्यजनक शहर' होगा।

51. भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड ने जहाजरानी मंत्रालय के साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 में अपने विस्तार से सम्बंधित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

52. डी के गयान ने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर)के नए महाप्रबंधक का कार्यभार सम्भाला जिसका मुख्यालय हाजीपुर बिहार में है।

53. सुधांशु मणि को इंटीग्रल कोच फैक्टरी के महाप्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है।

54. आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर अनिल के. गुप्ता जो राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष भी हैं, उनके द्वारा लिखी पुस्तक 'ग्रासरूट्स इनोवेशन' का विमोचन किया गया।

55. फोर्ब्स की 200 सलाहकारों की सूची में अमेरिका के शीर्ष संपत्ति सलाहकारों में भारतीय मूल के चार व्यक्तियों के नाम शामिल हैं जो सामूहिक रूप से 675 अरब डॉलर का प्रबंधन करते हैं।

56. ये नाम हैं; राज शर्मा, अश चोपड़ा, सोनी कोठारी और राजू पाठक

57. निमेश कंपानी ने जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है, यह 30 सितम्बर 2016 से प्रभावी होगा।

58. राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार की सलाहकार समिति ने फैसला किया है कि 23वां राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार शुभामुद्गल को दिया जाएगा।

59. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, कराटे, स्केटबोर्ड, क्लाइम्बिंग स्पोर्ट्स, सर्फिंग को जोड़ने के लिए सहमती प्रदान की है। यह निर्णय रिओ दे जनेरिओ में हो रहे आईओसी के 129वें सत्र के दौरान लिया गया।

60. गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदी बेन पटेल के इस्तीफे के बाद, परिवहन, जल आपूर्ति, श्रम और रोजगार मंत्री विजय रुपानी को गुजरात के अगले मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया।



61. भारत के पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) विनोद राय ने निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीएफसी बैंक के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह आईडीएफसी लिमिटेड के गैर कार्यकारी स्वतंत्र चेयरमैन बने रहेंगे।

62. रिजर्व बैंक ने बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत छत्तीसगढ़ के दो सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है। बैंकों के नाम हैं:

63. a. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित

b. रायपुर अर्बन मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

64. पूर्वोत्तर भारत के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030 के तहत पहली दो दिवसीय प्रौद्योगिकी सम्मलेन की शुरुआत गुवाहाटी में हुई।

65. मंगलौर-आधारित मध्यम आकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, कॉरपोरेशन बैंक ने मंगलौर में भारतीय जीवन बीमा निगम की 'समूह क्रेडिट जीवन बीमा योजना' की शुरुआत की है।

66. नीता अंबानी को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के व्यक्तिगत सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। इसके साथ, वह प्रतिष्ठित संस्था जो दुनिया में ओलंपिक खेल को नियंत्रित करती है से जुड़ने वाली पहली भारतीय महिला बनी गई हैं।

67. राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार की सलाहकार समिति ने 23वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार के प्राप्तकर्ता के रूप में गायक शुभा मुद्गल के नाम की घोषणा की है।

68. भारत बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) ने रियो 2016 ओलंपिक में भारतीय पदक विजेताओं को 500 ग्राम गिन्नी गोल्ड बांड और चांदी देने की घोषणा की है।

69. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजय रूपानी को गुजरात के नए मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया गया है, जबकि नितिन पटेल उप मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है।

70. गोवा के मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर ने कहा है कि राज्य में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को 1 नवंबर से लागू किया जाएगा।

71. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बाढ़ और चक्रवात के दौरान इस्तेमाल के लिए ओडिशा के लोगों को 100 बहुउद्देश्यीय आश्रय स्थलों को समर्पित किया।

72. प्रसिद्ध असमिया साहित्यकार माहिम बोरा का निधन हो गया है।

73. इसरो के चेयरमैन ए एस किरण कुमार ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), तिरुवनंतपुरम में एक 'सी बैंड पोलारिमैट्रिक डॉपलर मौसम रडार' का उद्घाटन किया।

74. तीन दिनों तक चलने वाले इंडिया इंटरनेशनल फूट फेयर (IIFF) का नई दिल्ली में अगस्त 5 को वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा उद्घाटन किया गया।

75. भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट के लिए 50 लाख रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की जबकि रजत पदक विजेता के लिए 30 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता के लिए 20 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

76. पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (EZCC) ने कोलकाता में एक 64-दिवसीय थियेटर महोत्सव का आयोजन किया।

77. केंद्र एक देशव्यापी स्तनपान कार्यक्रम "- MAA- Mother's Absolute Affection" कार्यक्रम की शुरूआत की है।

78. मानव संसाधन एवं विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जम्मू के जागती गांव में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के ट्रांजिट परिसर का उद्घाटन किया है।

79. संचार मंत्री श्री मनोज सिन्हा ने रियो ओलिंपिक खेलों के स्मारक डाक टिकटों का अनावरण किया है।

80. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में MyGov द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री कार्यालय नए एप्प की शुरूआत की।

81. 7 अगस्त, देश भर में दूसरा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया।

82. ओडिशा सरकार ने विकलांग व्यक्तियों को वेबसाइट देखने व सुनने में सक्षम बनाने हेतु राज्य के गृह विभाग की एक नई वेबसाइट शुरूआत की है।

83. तेलंगाना सिंचाई विभाग ने 'भुवन' वेब पोर्टल पर एक तेलंगाना जल संसाधन सूचना प्रणाली (TWRIS) की स्थापना हेतु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

84. तमिलनाडु के पांच खिलाड़ियों को तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता द्वारा नकद पुरस्कार दिया गया उनमें विकलांगों के लिए सर्बिया में पिछले महीने आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले तिरुचिरापल्ली के जेनिथा एंटो शामिल हैं।

85. सी अजित कुमार, आर नवीन, एल समयासरी, और एस प्रियदर्शिनी अन्य नकद पुरस्कार विजेता हैं।

86. नौ सदस्यीय कथकली नृत्य मंडली ने मिस्र में पहली बार प्रदर्शन किया। कथकली नृत्य मंडली बिबिलिओथेका अलेक्जेंन्द्रिना द्वारा आयोजित 14वीं समर फेस्टिवल का भगा था।

87. एक वैश्विक टेक्नोलॉजी सपोर्ट कंपनी, सीएसएस कॉर्प, ने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में मनीष टंडन को नियुक्त किया है।

88. वयोवृद्ध दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक "वियतनाम विदु 'सुंदरम का चेन्नई में निधन हो गया।

89. भेल प्रभारी महाप्रबंधक केके खुराना ने 4 अगस्त, 2016 से प्रभावी, भेल के कारपोरेट अनुसंधान एवं विकास के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

90. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलांगना के मेडक जिले के, गाज्वेल, कोमतिबंदा ग्राम, में तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन भगीरथ की शुरूआत की। सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह परियोजना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है।

91. ओडिशा सरकार ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (7 अगस्त) की स्मृति में बुजुर्ग बुनकरों के लिए एक विशेष सहायता योजना 'वरिष्ठ बुनकर सहायता योजना' का शुभारंभ किया है। यह राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा शुरू किया गया है।

92. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)- रायपुर का उद्घाटन किया।

93. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) और मणिपुर सरकार (एमओयू) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसका उद्देश्य अपने ग्राहकों को बेहतर आतिथ्य और पर्यटन सेवा प्रदान करना है.

94. चीन में स्थापित एकसाथ सबसे अधिक रोबोटों ने नृत्य करके एक नया गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया है।

95. फ्रांसीसी आधारित कंपनी पालिने द्वारा अमेरिका के एक विश्वविद्यालय परिसर में अब तक का पहला 'पिज्जा एटीएम' स्थापित किया गया है।

96. आईडीएफसी बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर आनंद सिन्हा को बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया है।

97. सिंडिकेट बैंक के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अरुण श्रीवास्तव ने ग्राहक लेनदेन को सरल बनाने के लिए नए उत्पादों को शुरू किया है। बैंक द्वारा शुरू किया गया पहला उत्पाद इन्टरनेट कनेक्शन के बिना एक साधारण फ़ोन का उपयोग करके NUUP के माध्यम से आधार संख्या पर आधारित धन आधार हस्तांतरण है। जबकि दूसरा किसी भी बैंक खाते में तात्कालिक क्रेडिट किसी भी शाखा में 'आईएमपीएस के माध्यम से फंड ट्रांसफर' है।

98. अहमदाबाद में मुख्यालय वाले जाइडस समूह ने हैदराबाद आधारित इस्सर फार्मा से मेल्गैन (Melgain) ब्रांड का अधिग्रहण कर लिया है.

99. नेटवर्क 18 ने सीतारमन शंकर को विशेष प्रोजेक्ट के प्रबंध संपादक के रूप में नियुक्त किया है।

100. ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग चैंपियन बर्नार्ड फर्रेल्ली का निधन हो गया है।

101. भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर ने रियो ओलंपिक केंद्र में ओलंपिक के फाइनल में प्रवेश पाने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा।

102. भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार ने भारत छोडो -2 स्वराज्य से सु-राज पहल का शुभारंभ किया।

103. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने वित्त वर्ष 2016-17 के लिए तीसरे द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य को प्रकाशित किया। उन्होंने दरों में अपरिवर्तित रखा लेकिन जनवरी 2017 तक मुद्रास्फीति की दर को 5% करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

104. देश के पहले एकीकृत ऑटो रीसाइक्लिंग सुविधा स्थापित करने के लिए, महिंद्रा समूह की एक इकाई महिंद्रा इंटरट्रेड ने भारत सरकार के एक उपक्रम एमएसटीसी के साथ समझौता किया है।

105. विश्व के मूल निवासियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके अधिकारों की रक्षा हेतु विश्व के मूल निवासियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रति वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। 2016 के मूल निवासियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस का थीम 'शिक्षा का अधिकार' है।

106. के एम हनुमंतारायाप्पा ने तीन वर्ष की अवधि के लिए, केन्द्रीय रेशम बोर्ड के नए अध्यक्ष, कपड़ा मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

107. अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बागी नेता कलिखो पुल ईटानगर में अपने आवास पर मृत पाये गये। वे 46 वर्ष के थे। वह कथित तौर पर उसने स्वयं फांसी लगा लिया।

108. एचडीएफसी बोर्ड ने अपनी बीमा इकाई एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस के साथ मैक्स लाइफ और मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज के

CAREER POWER™ ASTHA ACADEMY

विलय को मंजूरी दे दी है। यह सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी का निर्माण करेगा।

109. ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अभिजीत गुप्ता ने 2016 राष्ट्रमंडल शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीत लिया है जिसका आयोजन कोलंबो, श्रीलंका हुआ।

110. बाजार में दोपहिया वाहनों के अग्रणी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने इसके अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में और पांच वर्ष की अवधि के लिए पवन मुंजाल को फिर से नियुक्त किया है।

111. भारत की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल ऑपरेटर वोडाफोन ने और पांच वर्ष के लिए तकनीक की दिग्गज कंपनी आईबीएम के साथ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अपने बहु मिलियन डॉलर के समझौते का नवीकरण किया है।

112. एप्पल ने पुष्टि की है कि उसने अमेरिका मशीन स्टार्टअप तुरी को खरीद लिया है, क्योंकि सिलिकॉन वैली का यह दिग्गज कृत्रिम इंटेलिजेंस के साथ भविष्य की संपन्नता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

113. गैर-जीवन बीमा कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने शामराव विट्ठल सहकारी बैंक (SVCB) के साथ एक 'बैंकाश्युरेंश' समझौते की घोषणा की है।

114. एम्स्टर्डम आधारित मानव संसाधन परामर्श कंपनी रैंडस्टड होल्डिंग्स ने घोषणा की है कि उसने नकद 429 मिलियन अमरीकी डालर में जॉब पोर्टल मॉन्स्टर का दुनिया भर के अधिग्रहण करेगा।

115. मानवाधिकार कार्यकर्ता इरोम चानू शर्मिला (44) ने आज सशस्त्र बल (विशेष शक्ति) अधिनियम, 1958 के खिलाफ उसके 16 वर्ष के लंबे अनशन को समाप्त कर दिया है और उसे इम्फाल के एक अदालत ने 10,000 रूपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है।

116. प्रख्यात योग गुरू टीकेवी देसिकाचार का एक संक्षिप्त बीमारी के बाद चेन्नई में निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे।

117. ऑस्ट्रेलिया की अपराजित महिला टीम ने अमेरिका को हराकर रग्बी सेवन्स का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत लिया है।

118. क्राइम ब्रांच द्वारा ओडिशा में 1,051 से अधिक लापता बच्चों को ऑपरेशन मुस्कान -2 के पहले चरण के दौरान बचा लिया गया, जिसे 25 जुलाई को महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से अपराध शाखा द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया था।

119. टेस्ट गेंदबाजों की नवीनतम एमआरएफ प्लेयर रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को शीर्ष स्थान से हटा दिया है।

120. चीन ने उत्तरी शांक्सी प्रांत में स्थित ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक नई उच्च रेजोल्यूशन के सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजिंग उपग्रह गोफेण-3 (Gaofen -3) का प्रक्षेपण किया है।

121. एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के गवर्नरों के बोर्ड ने ताकेहिको नको को सर्वसम्मति से 24 नवंबर 2016 से प्रारंभ 5 वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए फिर से निर्वाचित किया है ।

122. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जन्मभूमि अलीराजपुर, मध्य प्रदेश में 'याद करो कुर्बानी' समारोह का शुभारंभ किया।

123. एनटीपीसी लिमिटेड और ऑस्ट्रेलिया के सीएसआईआरओ ने वैज्ञानिक सहयोग और अग्रिम दहन और गैसीकरण तकनीकों और नवीकरणीय ऊर्जा सहित कम उत्सर्जन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक "आशय का पत्र" (एलओआई) पर हस्ताक्षर किया।

124. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने चार महाप्रबंधकों की विभिन्न बैंकों में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है जिसमें श्री अशोक कुमार गर्ग, श्री राज कमल वर्मा, गोपाल मुरली भगत, हिमांशु जोशी की नियुक्ति शामिल हैं जो क्रमशः बैंक ऑफ़ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कॉरपोरेशन बैंक, और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त हुए हैं।

125. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में श्री दिनेश कुमार खारा के नियुक्ति की घोषणा की, उनके प्रदर्शन की समीक्षा के बाद कार्यकाल को दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

126. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की पहली इकाई को संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया।

127. भारत की ऊर्जा डेटा एजेंसी स्थापित करने के लिए नीति आयोग ने अमेरिका के एनर्जी इनफार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) के साथ एक समझौता किया है।

128. देश में ई-कॉमर्स उद्योग के सभी मुद्दों पर गौर करने के लिए सरकार ने एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति का गठन नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ कांत की अध्यक्षता में किया जाएगा।

129. फर्स्ट सोलर पॉवर इंडिया ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 80 मेगावाट और 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्रों के वाणिज्यिक परिचालन की घोषणा की है।

130. महिला एवं बाल विकास मंत्री, मेनका गांधी ने 11 अगस्त को बेटी दिवस मनाने के लिए एक सोशल मीडिया अभियान की शुरुआत की है।

131. राजीव कृष्णन को भारत में मैक्स हाइपरमार्केट के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

132. लोकप्रिय दक्षिणी भारतीय अभिनेत्री ज्योति लक्ष्मी का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

133. तमिल सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्माता, पटकथा, गीतकार और पटकथा लेखक श्री पांचू अरुणाचलम का निधन हो गया है।

134. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और क्रोएशिया के बीच आर्थिक सहयोग पर समझौते पर हस्ताक्षर करने और अनुसमर्थन के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

135. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार एक व्यापार गंतव्य के रूप में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है। अब यह पहले की 94वीं स्थान की तुलना में 76वें स्थान पर है।

136. महत्वाकांक्षी क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) परियोजना को अगले वर्ष 31 मार्च तक प्रचालित कर दिया जाएगा।

137. मोबाइल स्टैण्डर्ड अलायन्स ऑफ़ इंडिया (MSAI) और निर्भया ज्योति ट्रस्ट ने एक मोबाइल एप्प "आई फील सेफ" शुरू किया है जिसका उद्देश्य संकट के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

138. प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 सबसे धनाढ्य लोगों की फोर्ब्स की सूची में विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी (13 वें) और एचसीएल के सह-संस्थापक शिव नाडर (17वें), भारत के केवल दो अरबपतियों, को शामिल किया गया है।

139. मंत्रिमंडल के अनुमोदन पर चर्चा

140. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने धारा 44 और लोकपाल तथा लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के परिणामी संशोधनों के लिए अपने पूर्वकार्योत्तर स्वीकृति दे दी है।

141. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूसरी बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पर्यटन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दे दी है।

142. कैबिनेट ने भारत और क्रोएशिया के बीच आर्थिक सहयोग पर एक समझौते के अनुसमर्थन और हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है।

143. कैबिनेट ने मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने के लिए मातृत्व लाभ अधिनयम में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

144. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CEEA) ने ताप विद्युत संयंत्रों के लिए एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (AUSC) प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

145. वित्त मंत्री अरुण जेटली ने नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के एक डाटा बैंक पोर्टल की शुरुआत की है।

146. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बोर्ड और आयकर विभाग की गतिविधियों के सम्प्रेषण की मौजूदा मीडिया नीति की समीक्षा के लिए एक नई समिति का गठन किया है। श्री गोपाल मुखर्जी इस समिति की अध्यक्षता करेंगे।

147. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने रीटोर्ट पाउच प्रोसेस्ड फ़ूड की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा खाद्य शोध प्रयोगशाला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

148. मध्य प्रदेश और संघ शासित क्षेत्र (यूटी), पुडुचेरी उज्वल डिस्कॉम अशुरन्स स्कीम में शामिल होने के लिए उर्जा मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

149. अल्फाबेट इंक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिल मैरिस कंपनी छोड़ रहे हैं। संयुक्त उद्यम के प्रबंध संस्थापक डेविड कराने उनका स्थान लेंगे।

150. खुदरा फर्नीचर में एक स्वीडिश के वैश्विक कंपनी आइकिया (Ikea) ने हैदराबाद, भारत में अपना पहले स्टोर के लिए नींव रखी।

151. इंटेल ने कैलिफोर्निया स्थित नरवाना सिस्टम्स का अधिग्रहण किया है। यह इंटेल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में प्रवेश करने हेतु सक्षम बनाएगा।

152. बिजली संयंत्र उपकरण निर्माता, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने कंपनी के निदेशक (विद्युत) के रूप में अखिल जोशी को नियुक्त किया है।

153. आईटीसी के प्रमुख स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ब्रांड, सेवलॉन, ने अपनी ब्रांड एंबेसडर के रूप में दिग्गज बैडमिंटन खिलाडी साइना नेहवाल के नाम की घोषणा की है।

154. माइक्रोसॉफ्ट ने अपने इंडिया लैब के नए प्रबंध निदेशक के रूप में श्रीराम राजमणि की नियुक्ति की घोषणा की है।

155. रिओ ओलिंपिक में भारत के एकमात्र भारोत्तोलक सतीश सिवालिंगम, पुरुषों की 77 किलो भारोत्तोलन से बाहर ह गए हैं।

156. रिजर्व बैंक, केंद्र सरकार को अपने 65,876 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लाभ हस्तांतरित करेगा जो पिछले साल दी गई राशि से थोड़ा कम है। इसे गवर्नर रघुराम राजन की अध्यक्षता में, भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की 559वीं बैठक में मंजूरी दी गई।

157. देश में नेत्रहीनों के लिए अपने तरह के पहले टच एंड फील गार्डन का केरल विधानसभा अध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन द्वारा कालीकट विश्वविद्यालय परिसर के पास उद्घाटन किया गया।

158. 12 दिन तक चलने वाला कृष्णा पुष्कर त्योहार तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में शुरू हो गया है। यह त्योहार 12 वर्षों में एक बार आता है।

159. राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जम्मू, तिरुपति, पलक्कड़ (केरल), गोवा, धारवाड़ (कर्नाटक) और भिलाई (छत्तीसगढ़) जैसी जगहों पर छः नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की स्थापना के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

160. पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने लाधेवाली में शहर के पहले सेवा केंद्र का उद्घाटन किया, जहां से लोग एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे ।

161. असम वस्तु एवं सेवा कर संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी देने वाला पहला राज्य बन गया है।

162. हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) ने निकल उत्पादन के लिए झारखंड के घाटशिला में देश के संयत्र का उद्घाटन किया है।

163. एप्प द्वारा सुरक्षित खरीदारी करने के लिए निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक (KMB) ने घोषणा की है कि अब उनके मोबाइल बैंकिंग एप्प पर फ्लिपकार्ट का मोबाइल साइट भी उपलब्ध होगा।

164. पश्चिम अफ्रीकी गणराज्य घाना के अगले उच्चयुक्त के रूप में बीरेंद्र सिंह यादव को नियुक्त किया गया है।

165. अमेरकी तैराक माइकल फेल्प्स 200 मीटर के व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीत कर चार ओलंपिक में एक ही घटना में स्वर्ण जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

166. नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज (नैसकॉम) ने आंध्र प्रदेश,विशाखापत्तनम के रुशिकोंडा में सनराइज स्टार्टअप विलेज में अपने स्टार्टअप गोदाम का संचालन शुरू किया है।

167. भारतीय रेल ने अनारक्षित यात्रियों के लिए एक नई ट्रेन 'अंत्योदय एक्सप्रेस' की घोषणा की है, क्योंकि अब लम्बी दूरी की यात्रा के लिए यात्रियों को एडवांस में टिकट बुक करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

CAREER POWER™ AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY

168. अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के जून के अपने पिछले फैसले को बदलते हुए लियोनेल मेसी ने घोषणा की है कि वे अर्जेंटीना के लिए खेलते रहेंगे।

169. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने झारखंड में एम्स की स्थापना के लिए हरी झंडी दे दी है।

170. कौशल विकास, निवेश और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार ने इंडिया ट्रेड एंड एक्सबिशन सेंटर (आईटीईसी), दुबई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

171. ओडिशा के पूर्व मुख्य सचिव सुधांशु भूषण मिश्रा का निधन हो गया।

172. कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मंजुला चेल्लुर को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

173. सिप्ला लिमिटेड ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में उमंग वोहरा को नियुक्त किया है।

174. देश की सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक एवं कोरिया डेवलपमेंट बैंक ने व्यावसायिक सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

175. रेल बजट को आम बजट के साथ विलय करने के रेल मंत्री सुरेश प्रभु के प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय द्वारा स्वीकार कर लिए से अलग से रेल बजट प्रस्तुत करने की 92 वर्ष की पुरानी प्रथा अगले वित्तीय वर्ष से समाप्त होने जा रही है।

176. कोटक महिंद्रा बैंक ने सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के लिए बेंगलुरु में एक 'इनोवेशन लैब' की शुरूआत की है, जो इसके परिचालन को प्रभावित करेगा, और यह स्टार्टअप में निवेश की तैयारी कर रहा है।

177. पंजाब नेशनल बैंक और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के बाद अन्य बैंकों द्वारा भी इस सुविधा के आरम्भ किये जाने की संभावना है जिसमें एक खाता धारक, नेट बैंकिंग की सुविधा के बिना ई-फाइलिंग साइट पर अपनी आय कर रिटर्न की पुष्टि कर सकते हैं।

178. इलेक्ट्रॉनिक सत्यापन कोड (EVC), आयकर विभाग की ई-फाइलिंग पोर्टल पर बैंक खाते को पूर्व-प्रमाणित करके उत्पन्न किया जा सकता है।

179. बांग्लादेश, म्यांमार, उत्तर-पूर्व के अधिकांश राज्यों और पश्चिम बंगाल को जोड़ने के लिए 6,900 किमी लम्बी गैस पाइपलाइन बिछाने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

180. फिफ्थ जनरेशन ने महत्वपूर्ण उपकरण जो उच्च तापमान के वातावरण में कार्य करते हैं, उनके शेष जीवन की उपयोगी भविष्यवाणी पर पहुंचने के लिए अनुसंधान का संचालन करने हेतु, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई के साथ एक समझौता किया है।

181. प्रसिद्ध गीतकार ना मुथुकुमार का 41 वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया।

182. डीएमके के पूर्व मंत्री एस पी सरगुना पांडियन, जिन्होंने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत एक मंच वक्ता के रूप में की थी, उनका 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

183. अक्षरधाम मंदिर के संस्थापक एवं स्वामीनारायण संप्रदाय के एक संत, प्रमुख स्वामी का, सारंग पुर मंदिर में, एक लम्बी बीमारी के बाद 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

184. सिमोन मैनुएल ने अमेरिकी महिलाओं की 4x100 मीटर मेडले रिले टीम का नेतृत्व किया जिसने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के इतिहास में अपने देश के लिए 1000वां स्वर्ण पदक जीता और यह उसके कैरियर का दूसरा स्वर्ण पदक है।

185. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक राज्य मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) शुरूआत की है। इस योजना का उद्देश्य देश भर में 'गरीबी रेखा से नीचे' (बीपीएल) रह रहे परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ रसोई गैस उपलब्ध कराना है।

186. केंद्रीय मंत्री एम वेंकैया नायडू और जल संसाधन मंत्री उमा भारती ने संयुक्त रूप से 10 शहरों में गंगा के किनारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी के आधार पर हाइब्रिड एन्युइटी पर जल निकासी नेटवर्क में सुधार करने के लिए शहरों में 'स्मार्ट गंगा सिटी' कार्यक्रम शुरू किया है।

187. माइक्रोसॉफ्ट ने एक इंटरैक्टिव लाइव-स्ट्रीमिंग स्टार्टअप, बीम, का अधिग्रहण किया है जो दर्शकों को रियल टाइम में स्ट्रीमर के साथ देखने और खेलने की सुविधा देता है।

188. भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) ने वर्ष 2016 के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार में 5 पदक हासिल किए। आईआईएससी के विजेताओं के नाम हैं: प्रबीर बर्पंदा, साई शिव गोरठी, प्रवीण कुमार, अंशु पांडेय और चंदन साहा।

189. बॉलीवुड कलाकार सोनम कपूर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मेलबर्न 2016 के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफ) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता।

190. वर्ष 2016 की थीम 'महिला सशक्तिकरण' रहा।

191. विजेता इस प्रकार हैं:

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) - रमन राघव के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) - नीरजा के लिए सोनम कपूर

सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार - कपूर एंड संस

सर्वश्रेष्ठ इंडी फिल्म – थीथी

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - शकुन बत्रा

192. भारतीय फिल्म महोत्सव का सिनेमा में उत्कृष्टता का पुरस्कार (लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) - ऋषि कपूर।

193. कोच्चि स्थित अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक साउथ इंडियन बैंक और एसबीआई कार्ड ने साउथ इंडियन बैंक के ग्राहकों के लिए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के शुभारंभ की घोषणा की है।

194. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने अपने ग्राहकों के लिए एक यूएसएसडी आधारित *99# मोबाइल एप्लिकेशन शुरू करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ करार किया है।

195. बीमा नियामक, IRDAI ने आउटसोर्सिंग गतिविधियों और कॉर्पोरेट प्रशासन के दिशा निर्देशों सहित विभिन्न मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारती AXA जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

196. भारतीय स्क्वैश क्वीन दीपिका पल्लीकल ने मिस्र की मायर हेनी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन स्क्वैश का खिताब जीता।

197. बिहार विधानसभा ने महत्वपूर्ण वस्तु एवं सेवा कर विधेयक (जीएसटी विधेयक) को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। असम पिछले हफ्ते इस विधेयक को पारित करने वाला पहला राज्य बना था।

198. तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने स्वतंत्रता सेनानियों के 11,000 रुपये के पेंशन में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

199. ओडिशा के सभी सरकारी कार्यालयों में उड़िया भाषा को अधिकारिक भाषा के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

CAREER POWER™ AN IIM ALUMNI COMPANY

200. भारत ने एल नीनो के कारण उत्पन्न सूखे की आपदा के मद्देनजर जिम्बाब्वे को दस लाख (एक मिलियन) अमरीकी डॉलर का अनुदान उपलब्ध कराया है।

201. केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (CLRI)के प्रधान वैज्ञानिक पी षणमुगम ने तमिलनाडु के उच्च शिक्षा विभाग में सराहनीय सेवाओं के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का पुरस्कार जीता।

202. भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में 66वें पर पहुँच गया और मध्य तथा दक्षिण एशिया के क्षेत्र में शीर्ष स्थान को बनाए रखा। सिंगापुर से ऊपर सूचकांक में शीर्ष पांच देश स्विट्जरलैंड, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और फिनलैंड हैं।

203. नागपुर को देश के पहले बृहत् पैमाने पर एकीकृत स्मार्ट सिटी में परिवर्तित करने के कार्यान्वयन पार्टनर के रूप में लार्सन एंड टुब्रो को चिन्हित किया गया है ।

204. टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स अग्रणी वैश्विक इंजन कुलिंग आपूर्तिकर्ता, टाइटनएक्स का अधिग्रहण करेगा। यह वर्तमान में ईक्यूटी आपर्टूनटी एंड फूरियर ट्रांसफॉर्म के स्वामित्व में है।

205. चीन ने विश्व के पहले क्वांटम उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया जो अंतरिक्ष और जमीन के बीच हैक प्रूफ संचार स्थापित करेगा. "मिसिअस" के नाम से जाना जाने वाला उपग्रह जिउक्कुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया।

206. ऑटो कंपोनेंट निर्माता मिंडा कारपोरेशन लिमिटेड ने चीन के शानदोंग बिकी हाई हुआ ऑटोमोबाइल पार्ट्स कारपोरेशन (SBHAP) के साथ एक संयुक्त उद्यम (जेवी) का गठन किया है।

207. चीन ने अपने स्वदेश निर्मित एवं डिजाइन की गई बुलेट ट्रेन का परिचालन शुरू किया जो 350 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है।

208. एशिया इंडेक्स और बीएसई ने जमानती उधार लेने और देने की बाध्यता (सीबीएलओ) दर के प्रदर्शन को मापने के लिए एक नए इंडेक्स का शुभारम्भ किया है।

209. टाटा पावर सोलर ने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में एनटीपीसी के लिए एक 100 मेगावाट की सौर परियोजना का लोकार्पण किया है जो घरेलू स्तर पर निर्मित सौर सेल और मॉड्यूल की उपयोग वाली सबसे बड़ी परियोजना है।

210. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विभिन्न मानदंडों के उल्लंघन के लिए चार सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है। चार सहकारी बैंक हैं: सहकारी सिटी बैंक, गुवाहाटी; इन्दापुर शहरी सहकारी बैंक, इन्दापुर; श्री दादा साहेब गजमल सहकारी बैंक, पचोरा; और मॉडल सहकारी शहरी बैंक, हैदराबाद।

211. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के लद्दाख में 8500 ईसा पूर्व डेटिंग के एक प्राचीन शिविर स्थल की खोज की है।

212. मलयालम फिल्म निर्माता-पटकथा लेखक टीए रज्जाक का कोच्चि में निधन हो गया।

213. ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान को अमेरिका तमिल संगम ने अपने तमिल रत्न पुरस्कार सम्मानित किया है।

214. तेलंगाना राज्य ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश में पुलिस कर्मियों के लिए सर्वाधिक वीरता पदक प्राप्त किये। यह वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक (PPMG) प्राप्त करने वाली एकमात्र राज्य इकाई है।

215. यूनिलीवर ने मोबाइल एयर प्यूरिफिकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी स्वीडिश कंपनी ब्लूएयर का एक अघोषित राशि में अधिग्रहण कर लिया है।

216. पद्मश्री से सम्मानित 83 वर्षीय पंजाबी लेखक गुरदयाल सिंह का भटिंडा में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

217. भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब की मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया है।

218. उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद के लिए एक मेट्रो रेल परियोजना को मंजूरी दी।

219. बनवारी लाल पुरोहित ने असम के राज्यपाल के रूप में पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य का स्थान लिया। वी.पी. सिंह बदनोर को पंजाब के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया। जगदीश मुखी अंडमान और निकोबार के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए गए।

220. दिल्ली विधानसभा के पहले स्पीकर चर्ती लाल गोयल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

221. जमैका के फर्राटा धावक उसैन बोल्ट ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 100 मीटर के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता।

222. उत्तर प्रदेश की सरकार पहलवान साक्षी मलिक को प्रतिष्ठित रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित करेगी। 23 वर्षीय साक्षी ने 58 किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में ओलिंपिक में कांस्य पदक जीता है।

223. सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं इसके सहयोगी पर, केजी-डी 6 क्षेत्र से प्राकृतिक गैस का लक्ष्य से कम उत्पादन के लिए 380 मिलियन अमरीकी डालर का जुर्माना लगाया है।

224. फेडरल बैंक, सरकार के नियंत्रण की कंपनी 'मेटल एंड मिनरल ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया' (MMTCI) द्वारा निर्मित सोने के सिक्कों का वितरण करने वाला पहला निजी क्षेत्र का बैंक बन गया है।

225. भारतीय सोने के सिक्के 24 कैरेट शुद्धता के हैं, 999 विशुद्धता के हैं और इसके एक तरफ राष्ट्रीय चिन्ह अशोक चक्र तथा दूसरी तरफ़ महात्मा गांधी का चित्र उत्कीर्ण है जैसा करेंसी नोट में होता है।

226. केरल सरकार ने राज्य आगामी पांच वर्षों के लिए राज्य द्वारा संचालित एवं सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट रखा है। इस अभियान के भाग के रूप में सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में करीब 60,000 नई उच्च तकनीक की क्लास रूम की स्थापना की जाएगी।

CAREER POWER™ AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY

227. भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने रियो ओलंपिक 2016 में कुश्ती में 58 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता उसने कांस्य पदक के मुकाबले में ऐसुलू तीनीबेकोवा को 8-5 हराया।

228. भारत और बांग्लादेश 1971 में हुए बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई पर संयुक्त रूप से एक डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करेंगे।

229. चीन में दुनिया की सबसे लम्बे और सबसे ऊँचे कांच के पुल को आगंतुकों के लिए खोला जायेगा।

230. फीफा के पूर्व अध्यक्ष जोआओ हवेलांगे का रियो डी जनेरियो के स्मर्तिनो हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे।

231. प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक गोविंद तेज का निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे।

232. देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बोर्ड ने पांच सहयोगी बैंकों एवं भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) के स्वयं में विलय के लिए शेयर स्वैप अनुपात को मंजूरी दे दी है।

233. पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद सचिन तेंदुलकर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) के तहत विकास के लिए महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले के दोंजा गांव का चयन किया है।

234. आईआईटी-कानपुर ने नमामी गंगे कार्यक्रम के तहत 5 गांवों को गोद लिया है और यह सीवेज का प्रवाह नदी में प्रतिबंधित करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगा। संस्थान द्वारा गोद लिए गए पांच गांव; रामेल नगर, खोयरा कतरी, परतापुर, हरि हिंदपुर, और कतरी लाधवा खेड़ा हैं।

235. सात भारतीय कंपनियों ने विश्व की सबसे बड़ी 200 कार्बन स्वच्छ कंपनियों की सूचि में अपना स्थान बनाया है, इन कंपनियों को उनके कुल स्वच्छ ऊर्जा राजस्व के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। सूची में जापान की टोयोटा मोटर सबसे ऊपर है

236. हिन्दी विद्वान और लेखक सुनीता जैन को उनकी कविता संग्रह "क्षमा" के लिए प्रतिष्ठित 25वें व्यास सम्मान 2015 से सम्मानित किया गया।

237. नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (NMCG) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ने संशोधित जल के औद्योगिक उपयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

238. जाम्बिया और पेट्रियोटिक फ्रंट के (पीएफ) राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एडगर लुन्गु ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय विकास पार्टी के खिलाफ आम मतदान में फिर से चुनाव जीत लिया है।

239. बिजली मंत्री पीयूष गोयल ने पारेषण के क्षेत्र में टैरिफ आधारित रिवर्स नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है, इसके साथ ही पारेषण परियोजनाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोली लगाने के लिए एक पोर्टल का उद्घाटन भी किया है। उन्होंने "तरंग" मोबाइल एप्प, "ई-ट्रांस" और "दीप" (डिस्कवरी ऑफ़ इफिशन्ट इलेक्ट्रिसिटी प्राइस) और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन द्वारा विकसित ई-बोली वेब पोर्टल का शुभारंभ किया।

240. आर्थर हिलर, जिनको रोमांटिक ट्रेजेडी "लव स्टोरी" के निर्देशन के लिए एक ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया था, का निधन हो गया।

241. कंपनी रजिस्ट्रार से निगमन का प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद भारतीय डाक भुगतान बैंक अस्तित्व में आ गया है, नए बैंक का परिचालन 2017 में शुरू हो जायेगा। यह डाक विभाग के अंतर्गत पहली पीएसयू होगी, जिससे पूरे देश में सितंबर 2017 तक अपनी शाखाओं को शुरू करने की उम्मीद है।

242. दोहा बैंक क्यूएससी, कतर के प्रमुख बैंकों में से एक, ने 27 अगस्त को केरल में अपनी पहली शाखा का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया. यह शाखा एडाप्पल्ली में लुलु मॉल की पहली मंजिल पर स्थित है।

243. भारतीय मूल की अमेरिकी महिला शिक्षाविद, रेणु खाटोर, को अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु टेक्सास महिलाओं की हॉल ऑफ़ ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा।

244. वैश्विक कंपनियों की उनकी अच्छाई और उनकी गतिविधियों का एक सकारात्मक सामाजिक प्रभाव होने की एक सूची में भारत की दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड और उपभोक्ता वस्तुओं के समूह गोदरेज को फॉर्च्यून पत्रिका द्वारा मान्यता प्रदान किया गया है। सूची ब्रिटिश दवा कंपनी ग्लैक्सो स्मिथ क्लाइन को सबसे ऊपर रखा गया है।

245. भारत की बैडमिंटन की स्टार खिलाड़ी पी वी सिंधू ने रियो ओलंपिक, 2016 में महिला एकल बैडमिंटन स्पर्धा में रजत पदक जीता है। ओलिंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाली वह प्रथम भारतीय महिला और प्रथम भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी है।

246. केरल मंत्रीमंडल ने कम आय और गरीब लोगों के लिए एक नया ऋण राहत योजना को मंजूरी दे दी है।

247. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसके शर्मा को इंडो ग्लोबल बिजनेस काउंसिल (आईजीबीसी) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सबसे उद्यमी सीईओ के रूप में सम्मानित किया गया है।

248. ब्रिक्स महिला सांसदों के फोरम की दो दिवसीय सम्मलेन आज जयपुर में शुरू होगा, जिसमें सदस्य देशों के 42 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

249. लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन सम्मलेन का उद्घाटन करेंगी, जिसमें विभिन्न पूर्ण सत्र होगा।

250. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने बाजार विकास सहायता में बढ़ोतरी के साथ-साथ वेतन वृद्धि को मंजूरी दे दी है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने सूचित किया है कि अतिरिक्त 10 प्रतिशत बाजार विकास सहायता के साथ साथ अब बुनकरों को 4 रूपए के स्थान पर प्रति हांक 5.50 रुपये प्राप्त होंगे।

251. ऑनलाइन और मोबाइल व्यवसाय की प्रमुख कंपनी अलीबाबा समूह ने क्रॉसवर्ड और रत्न निधि चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ मिलकर पाठ्य पुस्तकों और शैक्षिक सामग्री दान करने के लिए भारतीय नागरिकों को आमंत्रित करते हुए "मिशन मिलयन बुक" शुरू किया है।

252. भारत ने बांग्लादेश से होते हुए असम से त्रिपुरा तक पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन की अनुमति के लिए बांग्लादेश के साथ एक अल्पकालिक मार्ग समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

253. फेडरल बैंक ने एक मोबाइल बैंकिंग एप्प, चिल्लर, के साथ साझेदारी की है जो किसी व्यक्ति के बैंक खाते में सीधे जोड़ता है और एक बहुत ही सुरक्षित माध्यम में तत्काल धन हस्तांतरण, बिल भुगतान, फोन रिचार्ज और ई-कॉमर्स के भुगतान के लिए सक्षम बनाता है।

254. वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि उर्जित भारतीय रिज़र्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे। पटेल रघुराम राजन का स्थान लेंगे। वे भारतीय रिज़र्व बैंक के 24वें गवर्नर होंगे।

255. चीन की सबसे बड़ी हाई स्पीड ट्रेन निर्माता, सीआरआरसी कारपोरेशन ने, आज 63.4 मिलियन डालर के निवेश के साथ रेल इंजनों के निर्माण और मरम्मत के लिए भारत में अपने पहले संयुक्त उद्यम संयंत्र के शुभारंभ की घोषणा की।

CAREER POWER™ ANTI/IIM ALUMNI SEMINAR

256. आंध्र प्रदेश पुलिस ने, अपने तरह की एक खास पहल, डीएनए सूचकांक प्रणाली (डीआईएस) की शुरुआत की है, जिससे लार और खून के धब्बे जैसे जीवित नमूनों से डीएनए प्रोफाइल उत्पन्न किया जा सकता है।

257. यूनाइटेड नेशन इकनोमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पसिफ़िक (ईएससीएपी) के एक अध्ययन के अनुसार फिक्स्ड ब्रॉडबैंड अपनाने के संदर्भ में, प्रशांत एशियाई देशों में, भारत 39वें स्थान पर है।

258. पर्यटन मंत्रालय ने अतुल्य भारत अभियान के लिए एक नए ब्रांड एंबेसडर तलाश करने के स्थान पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रचार अभियान का चेहरा बनाने फैसला किया है।

259. पिछले वर्ष अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहने गए मोनोग्राम सूट ' सबसे अधिक मूल्य पर बेचे गए सूट' के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल हुआ। एक मीलामी में सूट 4.31 करोड़ रुपये में बेचा गया था।

260. उपभोक्ता इंटरनेट सर्च प्लेटफार्म आस्कमी ने, अपने शेष कर्मचारियों को मुक्त करते हुए, अपना परिचालन बंद कर दिया है।

261. केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मल्टी-मोडल अंतरराष्ट्रीय हब एअरपोर्ट नागपुर में 5000वां एडवांस्ड कम्पोजिट फ्लोर बीम असेंबली का उद्घाटन किया, इसे बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों श्रृंखला के लिए बबनाया गया है।

262. दोनों नेताओं ने टीएएल (TAL) मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड की जेनेरिक विनिर्माण सुविधा का भी उद्घाटन किया

263. ब्रिक्स महिला सांसदों का एक दो दिवसीय बैठक जयपुर, राजस्थान में आज समाप्त हो गया।

264. निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) ने हुडको (आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड) में प्रस्तावित शेयर की बिक्री के लिए चार निवेश बैंकों का चयन किया है। इन चार बैंकों में नोमुरा, एसबीआई कैप्स, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईडीबीआई कैपिटल शामिल हैं।

265. नवरत्न कंपनी एनएलसी लिमिटेड अपनी परियोजनाओं में 27,740 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके 6,821 मेगावाट (MW) अतिरिक्त बिजली जोड़ने की योजना बना रही है।

266. भारत ने पूर्वी नेपाल में एक संस्कृत विद्यालय की नई इमारत का निर्माण और एक छात्रावास की सुविधा के लिए 39.97 मिलियन नेपाली रुपए की वित्तीय सहायता का वादा किया है।

